पेज थ्री देहरादून

उत्तरा फूड फेस्टिवल का अवलोकन करते सचिव मीनाक्षी सुंदरम।





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### शनिवार को मिले कोरोना के 25 नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 23 नए मामले रिकॉर्ड किए गए हैं। वहीं, शनिवार को 14 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, शनिवार को देहरादून में 12, अल्मोड़ा व ऊधमसिंह नगर में दो–दो, हरिद्वार व नैनीताल में चार–चार और पिथौरागढ़ जिले में केवल एक मामला सामने आया है। वहीं, अब प्रदेश में कोविड के 164 एक्टिव केस हैं, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या 67 देहरादून की है। वहीं दुबई से रानीखेत लौटे चारों लोग ट्रेस हो गए हैं। ये सभी सेल्फ मॉनिटरिंग पर हैं।

### अवैध खनन मामले में एक्शन मोड में वन मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में अवैध खनन को लेकर वन मंत्री हरक सिंह रावत ने वन विभाग के प्रमुख विनोद सिंघल को अपने आवास पर तलब किया। लैंसडाउन वन प्रभाग में अवैध खनन मामले को लेकर वन मंत्री हरक सिंह रावत ने गहरी नाराजगी जाहिर की थी, जिसको लेकर मंत्री ने अब प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंघल को अपने आवास पर तलब किया। लैंसडाउन क्षेत्र में अवैध खनन की पुष्टि के बाद वन मंत्री हरक सिंह रावत ने बड़ा एक्शन लेते हुए डीएफओ दीपक सिंह को प्रमुख वन संरक्षक के कार्यालय में अटैच किए जाने के आदेश किए हैं। इस मामले को लेकर बेहद नाराज मंत्री हरक सिंह रावत ने प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंघल को भी तलब किया।

### उत्तराखंड राज्य की हमेशा धुर विरोधी रही कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंडियत की बात करने वाली कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से भाजपा प्रवक्ता सुरेश जोशी ने सवाल किया कि कांग्रेस भूल गई है कि वह उत्तराखंड राज्य की हमेशा धुर विरोधी रही है। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल खड़े करते हुए पुछा कि सन् 1951 में जब पृथक राज्य की मांग की गई थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था। तब देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद कभी भी कांग्रेस अलग राज्य की पक्षधर नहीं रही।

### अस्पताल के अनुबंध के खिलाफ उक्रांद का पोस्टकार्ड अभियान

**संवाददाता** देहरादून। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला का हिमालयन अस्पताल से अनुबंध निरस्त कराने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने अब पोस्टकार्ड अभियान चलाया है। पोस्टकार्ड अभियान के पहले दिन उत्तराखंड क्रांति दल के तमाम कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड लिखकर अनुबंध निरस्त कराने की मांग की है।

# शंखनाद से शुरू हुई बीजेपी की विजय संकल्प यात्रा

**आगाज**

■ शंख ध्वनि के साथ जेपी नड्डा रोड शो से भर रहे चुनावी हुंकार




**संवाददाता**

देहरादून। 2022 के चुनाव को लेकर भाजपा दो चरणों में विजय संकल्प यात्रा की आयोजित करने वाली है। इसी क्रम में शनिवार को हरिद्वार से यात्रा की शुरुआत कर दी गई है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गढ़वाल मंडल की यात्रा का आगाज किया। इस दौरान शंख ध्वनि से यात्रा का आगाज किया गया। यहीं से जेपी नड्डा का रोड शो भी निकाला गया।

यात्रा के दौरान चलते हुए रथ पर ही जेपी नड्डा ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने उत्तराखंड में भाजपा को आशीर्वाद देने का पूरा मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हम डबल इंजन की सरकार लगाकर उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे, जिसके लिए भाजपा पूरी तरह से संकल्पित है। वहीं इससे पहले पंडितों ने शंख ध्वनि से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह का स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक भी मौजूद रहे।

**सर्दी होने के बाद भी बड़े जोश के साथ पहुंचे कार्यकर्ता:** इस दौरान नगर विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी की रैली में उत्तराखंड के साथ उत्तर प्रदेश के लोग पहुंचे थे, लेकिन यहां हो रही रैली में केवल हरिद्वार शहर के लोग इतने आ गए हैं कि यहां मैदान भी कम पड़ गया है। कहा कि कांग्रेस ने 50 साल में हरिद्वार को क्या दिया। कुछ लोगों ने भूपतवाला में राजकीय डिग्री कॉलेज न चले, इसके लिए पूरे जोर लगाए गए लेकिन अब वहां डिग्री कॉलेज चल रहा है। कहा कि इस बार हरिद्वार शहर से भाजपा पिछली बार से भी अधिक वोटों से जीत दर्ज करेगी। मौसम खराब और कड़ाके की सर्दी होने के बाद भी भाजपा के कार्यकर्ता बड़े जोश के साथ पंत दीप पार्किंग पर होने वाली रैली में पहुंचे। 19 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बागेश्वर से कुमाऊं मंडल की विजय संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस यात्रा के दौरान भाजपा डबल इंजन सरकार के कार्यों पर जनता से आशीर्वाद मांगेगी। पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा 4500 किमी की दूरी तय करेगी।

**प्रदेश के लिए एक लाख करोड़ से अधिक की योजनाएं स्वीकृत** भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि 18 दिसंबर से 5 जनवरी 2022 तक पूरे प्रदेश में विजय संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के माध्यम से किए गए विकास कार्यों को लेखा जोखा लेकर जनता के बीच जाएगी। केंद्र सरकार ने जहां प्रदेश के लिए एक लाख करोड़ से अधिक की योजनाएं स्वीकृत की है। वहीं प्रदेश सरकार ने रोजगार, शिक्षा स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, रिवर्स पलायन, गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी, सैन्य धाम समेत कई काम किए हैं। पूरे प्रदेश में 4500 किमी की विजय संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें गढ़वाल मंडल में 2660 और कुमाऊं मंडल में 1890 किमी की दूरी तय की जाएगी। 2017 में लगी आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने कार्यक्रम तय किए हैं। इस दौरान लोगों को डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकारों के कार्यकाल की नाकामी को भी जनता की अदालत में उठाएंगे। कांग्रेस की करतूतों का पर्दाफाश किया जाएगा। यात्रा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री व संगठन के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

### गढ़वाल के लिए 41 एलईडी रथों को किया रवाना

विजय संकल्प रैली के लिए भाजपा ने गढ़वाल मंडल के लिए 41 एलईडी रथ (प्रचार वाहन) रवाना किए। शुक्रवार को घंटाघर के समीप पटेल पार्क से भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना किया।

# खिलाड़ियों में खेल भावना के साथ बढ़ता है आपसी सामंजस्य

**शुभारम्भ**

■सचिवालय क्लब के अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सीएम ने किया शुभारम्भ




**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड, देहरादून स्थित बहुद्देशीय क्रीडा हॉल में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता–2021 का शुभारम्भ किया। 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक यह प्रतियोगिता राज्य आन्दोलनकारी एवं पूर्व उपाध्यक्ष सचिवालय संघ स्व. संदीप मोहन चमोला की स्मृति में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. संदीप मोहन चमोला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता–2021 में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। खिलाड़ियों में खेल भावना के साथ आपसी सामंजस्य भी बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारी एवं पूर्व उपाध्यक्ष सचिवालय संघ स्व. संदीप मोहन चमोला एक अच्छे अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि संदीप चमोला उनसे बहुत पहले से जुड़े थे। युवा मोर्चा में भी उन्होंने साथ कार्य किया।

इस अवसर पर डीजीपी अशोक कुमार, अपर सचिव उदय राज, राज्य आन्दोलनकारी एवं पूर्व उपाध्यक्ष सचिवालय संघ स्व. संदीप मोहन चमोला की पत्नी प्रेमा चमोला, उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष रणजीत भिलंगवाल, सचिव सुनील लखेड़ा, भूपेन्द्र बसेड़ा, प्रमोद कुमार, जे.पी मैखुरी, जीतमणि पैन्यूली, उल्लास भट्नागर एवं बैडमिंटन खिलाड़ी मौजूद थे।

### ओमप्रकाश मुख्य स्थानिक आयुक्त पद से हटाए गए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में 2 साल पहले तक सबसे ताकतवर नौकरशाह माने जाने वाले ओम प्रकाश इन दिनों अपने इस तमगे को खो चुके हैं। दरअसल, पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही आईएएस ओम प्रकाश सरकार से दूर होते दिखे हैं। ताजा समाचार ये है कि अब उनसे मुख्य स्थानिक आयुक्त का पद भी हटा लिया गया है। इससे पहले धामी सरकार में ही उन्हें मुख्य सचिव पद से भी हटाया गया था। इसी भाजपा सरकार में त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्यमंत्री रहते जिस अधिकारी को सबसे ताकतवर माना जाता था वह अधिकारी अब एक के बाद एक महत्वपूर्ण पदों से हटाया जा रहा है।

साल 2020 में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री रहते 1987 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस ओम प्रकाश को मुख्य सचिव बनाया था। दरअसल ओम प्रकाश पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल में उनके बेहद करीबी माने जाते रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।